जयंती | शहडोल जिले के 19 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई अटल जी की जयंती

# विरोधियों के भी प्रिय थे अटल जी, पीएम कर रहे उनके सपनों को साकार : अमिता चपरा



**शहडोल, नवभारत ।** शहडोल नगर वार्ड नं 13 के बूथ क्रमांक 166 अन्तर्गत भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने अपने निज निवास पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेई जी की 101 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ अटल जी छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जन्म जयंती मनाई।

गुरुवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल जी के जन्म दिवस के अवसर पर शहडोल जिले के 19 मंडलों के प्रत्येक बूथों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अटल जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर अटल जी की जयंती मनाई गई। भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके विराट व्यक्तित्व की प्रशंसा करना 'सूरज को दीपक दिखाने' के समान है। चपरा ने कहा कि अटल जी की राजनीतिक शुचिता का ही परिणाम था कि धुर विरोधी भी उनका सम्मान करते थे। उन्होंने राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखा और कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उनका जीवन राजनीति में नैतिक मूल्यों की मिसाल है।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व हिमालय जैसा विशाल था। वे केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक संपूर्ण विचार और मिशन थे।'अटल जी ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर भारत को दुनिया के सामने एक परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के रूप में खड़ा किया और देश को गौरवान्वित किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हीं के 'विकसित भारत' के सपने को धरातल पर उतार रहे हैं।' उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर अटल जी द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों, जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और सुशासन के आदर्शों के बारे में जनता को बताएं।कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला महामंत्री अमित मिश्रा ने कहा कि 25 दिसंबर को भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती को पूरे देश में 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाया जाता है। अटल जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर भाजपा द्वारा विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला भी आयोजित की जाती है।

श्री मिश्रा ने बताया कि अटल जी के सुशासन और विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रत्येक विधानसभा में सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अटल जी की राष्ट्रनिष्ठा और उनके द्वारा स्थापित आदर्शों से जोड़ना है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपराएवं उमरिया पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश पांडे, मनोज गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश जगवानी,पार्षद प्रकाश नारायण शुक्ला पिंकू, वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश दीक्षित, उमरिया जिला पंचायत सदस्य ज्ञानवती सिंह, अनुराग शुक्ला, विपिन तिवारी, सहित पार्टी के जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि श्रद्धा सुमन अर्पित कर जयंती मनाई।

## अब धनपुरी के वार्ड क्र . 1, 2, 3 के मध्य निर्मित सड़क का नाम अटल मार्ग, शिलालेख का किया गया अनावरण





**शहडोल ।** शासन निर्देष अनुसार 25 दिसम्बर गुरूवार को नगर पालिका परिषद् धनपुरी द्वारा स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी दिवस के अवसर पर वार्ड क्र0-1,2,3 के मध्य अमरकंटक रोड़ किषोर इंजीनियरिंग वर्क्स से शा. नेहरू डिग्री कालेज धनपुरी एवं बुढ़ार सीमा बालिका छात्रावास से सरईकापा रोड़ सीमा तक माडल रोड़ का नाम अटल मार्ग नामकरण के शिलालेख का अनावरण किया गया है। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयसिंह मरावी, विधायक, विधानसभा क्षेत्र जैतपुर, कार्यक्रम की अध्यक्षता रविन्दर कौर छाबड़ा, अध्यक्ष, न.पा.परि. धनपुरी, विशिष्ट अतिथि सभापति नीतू सोनकर, भोला प्रसाद पनिका, आनन्द कचेर, प्रवीण बड़ोलिया, नारायण जायसवाल, पार्षद्गण - विजय यादव, स्कंद कुमार सोनी, एवं पूर्व पार्षद् अरविन्द सिंह, कालीचरण चैधरी, इब्राहम, शिक्षक प्रवीण त्रिपाठी, घनष्याम मिश्रा, मोहन सोनी, आषीष राय, आसू जायसवाल, कैलाष सोनकर, एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयसिंह मरावी, विधायक, विधानसभा क्षेत्र जैतपुर, द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया । इसी प्रकार कार्यक्रम की अध्यक्षा रविन्दर कौर छाबड़ा, अध्यक्ष, न.पा.परि. धनपुरी, द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस के अवसर पर कार्यों एवं दृढ़ संकल्पों की विस्तृत जानकारी से संबोधन किया गया । कार्यक्रम का आभार प्रदर्षन मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस पर सुशासन दिवस के संबंध में जानकारी से अवगत कराया गया एवं उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों एवं नागरिकों का आभार प्रदर्शन करते हुये कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई ।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर ब्यौहारी में निर्माणाधीन नवीन बस स्टैंड का किया गया नामकरण



**ब्योहारी ।** नगर परिषद ब्योहारी अंतर्गत मिडवे तिराहा (मानपुर रोड) के पास मुख्यमंत्री शहरी अधोसंचना विकास योजना अंतर्गत 200 लाख रूपये की लागत से नवीन बस स्टैंड का निर्माण हो रहा है जिसका नामकरण मुख्य अतिथि ब्योहारी विधायक शरद जुगलाल कोल द्वारा आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजयेयी के जन्म दिवस के अवसर पर किया गया । उक्त बस स्टैंड का नामकरण करते हुए बस स्टैंड का नाम अटल बिहारी वाजपेयी बस अड्डा रखा गया है। बस स्टैंड नामकरण कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीकृष्ण गुप्ता (राजन) और विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रकली पटेल (उपाध्यक्ष- नगर परिषद ब्यौहारी) रही। इस दौरान शरद गौतम सीएमओ ब्योहारी इंजीनियर पुष्पेंद्र पटेल, इंजीनियर नीरज गुप्ता, विनय गुप्ता (मोनू) भाजपा मण्डल अध्यक्ष ब्योहारी, इंजीनियर कमल खटिक, धीरज सिह, विक्रमादित्य गुप्ता, एडवोकेट भागवत पटेल, सत्येंद्र कुशवाहा पार्षद वार्ड क्रमांक 11, धर्मेंद्र सिंह पार्षद वार्ड क्रमांक 9, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मोहम्मद रमजान कादरी, सुधीर पांडे, जवाहरलाल गुप्ता, गौरव सिंह (गोल्डी), मोहसिन खान, लीलावती, राजकुमारी प्रजापति, एड. कमलेश गुप्ता, कामता सोनी, सुरेश गुप्ता सहित नगर परिषद ब्यौहारी के सभी कर्मचारी गण उपस्थित होकर नामकरण कार्यक्रम के साक्षी बने।

## स्कूलों में 26 को मनाया जायेगा वीर बाल दिवस



**शहडोल ।** प्रदेश के स्कूलों में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जायेगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने स्कूल के बच्चों से इस दिन होने वाली गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह द्वारा दिये गये सर्वोच्च बलिदान के संबंध में प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के भविष्य की नींव माने जाने वाले बच्चों को सम्मानित करने के लिये समर्पित एक राष्ट्रीय उत्सव है।

### राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का होगा सजीव प्रसारण

वीर बाल दिवस का राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम 26 दिसम्बर, दोपहर 12:30 बजे भारत मण्डपम नई दिल्ली में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि इस लिंक की सूचना सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूलों में दी जाये, जिससे स्कूल के विद्यार्थी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देख सकें।

### वीर बाल दिवस पर होने वाली प्रतियोगिताएं

स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों में आयु समूह के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित करने का निर्णय लिया है। आयु वर्ग 3-6 वर्ष के लिये चित्रकारी, पेंटिंग, खेल गतिविधियाँ एवं कहानी सुनाना और आयु वर्ग 6-10 वर्ष के लिये चित्रकला, निबंध लेखन एवं कहानी सुनाना प्रमुख हैं। इसके लिये जो विषय तय किये गये हैं, उनमें मेरे सपनों का भारत, वह भारत जो मैं देखना चाहता हूँ, दूसरों की मदद करना मेरी महाशक्ति है, मेरी संस्कृति के रंग और मेरे आसपास के नायक, जिनमें शिक्षक, देखभालकर्ता और मित्र शामिल हैं। स्कूलों में आयु वर्ग 11-18 वर्ष के लिये निबंध, कविताएं, वाद-विवाद और डिजिटल प्रतियोगिता शामिल हैं। इनके लिये जो विषय तय किये गये हैं, उनमें 'राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका' विकसित भारत के लिये मेरा दृष्टिकोण', विकसित भारत बनाने में बच्चों की भूमिका, विकासशील भारत को आकार देने में बच्चों की भूमिका', साहस और करुणा, एक नायक क्या बनाता है, भारत के इतिहास में वीरता की कहानिया, डिजिटल इण्डिया में युवाओं के लिये अवसर, स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रत्येक बालिका को सशक्त बनाना शामिल हैं।








## खेलों से खिलाड़ियों में जुनून के साथ बढ़ता है आत्मविश्वास : हिमाद्री सिंह

▸ तीन माह चली विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में 14 हजार खिलाड़ियों ने की सहभागिता

**शहडोल।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर शहडोल संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह भव्य, गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में सांसद हिमाद्री सिंह, विधायक जयसिंह मरावी, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति सहित संभाग के चार जिलों के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव उद्बोधन का प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित नागरिकों व खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री के प्रेरक संदेश से खिलाड़ियों में नया जोश देखने को मिला।

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा कि 'खेल हारकर जीतने का जज़्बा सिखाते हैं। अनुशासन, धैर्य और संघर्ष ही जीवन की सफलता की कुंजी हैं।' उन्होंने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच देना है। शहडोल का आदिवासी अंचल खेल प्रतिभाओं से समृद्ध है और यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। उन्होंने सर्वसुविधायुक्त खेल स्टेडियम एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण के प्रयासों की जानकारी भी दी।विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलों का समन्वय आवश्यक है। खेल बच्चों और युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए क्रीड़ा भारती के सह सचिव डॉ. राजेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में 10,631 खिलाड़ियों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया तथा तीन माह में लगभग 14 हजार खिलाड़ियों ने कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, खो-खो, रस्साकसी, लाठी सहित विभिन्न खेलों में सहभागिता की। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।कबड्डी व फुटबॉल (बालक-बालिका वर्ग) में शहडोल जिला, जबकि रस्साकसी व वॉलीबॉल में उमरिया जिला प्रथम रहा। विजेता टीमों को नगद पुरस्कार, मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण जनजातीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सैला, कर्मा एवं सामूहिक नृत्य, योगा म्यूजिकल ग्रुप की प्रस्तुति तथा लाठी मार्शल आर्ट खिलाड़ियों का प्रदर्शन रहा। अतिथियों ने भी जनजातीय नृत्य में सहभागिता कर माहौल को और जीवंत बना दिया।समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। आयोजन को सफल बनाने में खेल विभाग, स्थानीय प्रशासन, स्वयंसेवकों एवं आयोजन समिति का सराहनीय योगदान रहा।




## कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा को लेकर कार्यशाला आयोजित

**शहडोल।** जिला पंचायत सभागार में महिलाओं को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन (निवारण, प्रतिषेध एंव प्रतितोषण) अधिनियम 2013 अन्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण सह कार्यशाला में विभिन्न् विभागों के अंतर्गत कार्यालयों में गठित आंतरिक परिवाद समिति के अध्यक्ष (पीठासीन अधिकारी) तथा सदस्य उपस्थित रहे।कार्यशाला में उपस्थित जिला एवं सत्र न्यायालय की सीनियर अधिवक्ता मंजुला गर्ग द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न प्रतिषेध अधिनियम एक्ट के बारे में एंव जिला अधिवक्ता संघ के सचिव सतीश पाठक द्वारा पॉक्सो् एक्ट एंव घरेलू हिंसा अधिनियम के बारे में उपस्थित समिति के अध्यक्षञ्सदस्य् एंव पीठासीन अधिकारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंतरिक परिवाद समिति के गठन के बारे में जानकारी प्रदान प्रदान की गयी। कार्यशाला में उपस्थित हुये सभी प्रतिभागियों को एक्ट से संबधित वीडियों दिखाते हुये प्रशिक्षण सामग्री एंव आंतरिक परिवाद समिति के गठन का प्रारूप वितरित किया गया। कार्यशाला का आयोजन महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा द्वारा जानकारी प्रदान की गई।

## दियापीपर धान खरीदी केंद्र पर किसानों से खुली लूट

▸ केंद्र प्रभारी की मिलीभगत से व्यापारी का हजारों क्विंटल धान खपाया जा रहा



**गोहपारू, नव भारत।** सरकारी योजनाओं के नाम पर किसानों को राहत देने का दावा करने वाली धान खरीदी व्यवस्था में किसानों के लिए अभिशाप बनती जा रही है। यहां के धान खरीदी केंद्र पर किसानों से खुलेआम लूट का खेल चल रहा है। आरोप है कि केंद्र प्रभारी एवं सर्वेयर की मिलीभगत से व्यक्ति किसानों के धान पर डाका डाल रहा है, जबकि दूसरी ओर व्यापारियों का हजारों कुंटल धान नियमों को ताक पर रखकर खपाया जा रहा है।

स्थानीय किसानों का कहना है कि केंद्र पर दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है। अगर किसी किसान का धान थोड़ा भी खराब, नमी वाला या दाने में हल्की सी भी कमी दिखी, तो उसे तुरंत यह कहकर लौटा दिया जाता है कि 'धान मानक के अनुरूप नहीं है।' किसान कई-कई दिनों तक लाइन में खड़े रहते हैं, ट्रैक्टर का किराया देते हैं, मजदूरी चुकाते हैं, फिर भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। वहीं दूसरी तरफ, आरोप है कि व्यापारियों का धान बिना किसी सख्त जांच के खरीदा जा रहा है। कई हजार कुंटल व्यापारी का धान केंद्र से पास किया जा चुका है। नमी, गुणवत्ता और ग्रेडिंग जैसे नियम इन व्यापारियों के लिए सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। यह सब समूह के कर्णधार शिवम और केंद्र प्रभारी की कथित सांठगांठ से हो रहा है।

**जांच पहले से, फिर भी वही खेल**-सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब इस धान खरीदी केंद्र को लेकर जांच और कार्रवाई पहले से चल रही है, तो फिर केंद्र प्रभारी अब तक अपने पद पर कैसे बना हुआ है? जांच के दौरान भी यदि यही अनियमितताएं जारी हैं, तो यह साफ संकेत देता है कि या तो कार्रवाई सिर्फ दिखावा है, या फिर प्रभावशाली लोगों का संरक्षण इस पूरे खेल को बचाए हुए है। किसानों का आरोप है कि केंद्र प्रभारी की भूमिका सिर्फ एक कर्मचारी की नहीं, बल्कि पूरे घोटाले की रीढ़ की तरह है। धान किसका लिया जाएगा, किसे लौटाया जाएगा, किसका तौल कम दिखेगा और किसका ज्यादा— इन सबका फैसला प्रभारी और शिवम मिश्रा मिलकर करते हैं।

**किसानों पर आर्थिक और मानसिक मार**-इस लूट का सबसे बड़ा शिकार गरीब और मध्यम वर्ग के किसान हैं। किसान बताते हैं कि एक बार धान लौट जाने पर उसे दोबारा सुखाना, साफ कराना और फिर केंद्र तक लाना बेहद खर्चीला हो जाता है। कई किसानों को मजबूरी में अपना धान औने-पौने दामों पर प्राइवेट व्यापारियों को बेचना पड़ रहा है। किसानों का यह भी कहना है कि जो किसान आवाज उठाता है, उसे अगली बार और ज्यादा परेशान किया जाता है।और धमकी दी जाती है कि कभी स्लॉट नहीं मिलता, तो कभीकहते है कि अगली बार लाओगे तो देखे गे बारदाना खत्म बता दिया जाता है, तो कभी तौल मशीन खराब होने का बहाना बना दिया जाता है।

**प्रभारी का क्या रोल**- सबसे अहम सवाल यही है कि जब जांच और कार्रवाई की बात कही जा रही है, तब भी केंद्र प्रभारी की भूमिका क्या है? यदि प्रभारी की जानकारी के बिना व्यापारी का हजारों कुंटल धान खपाया जा रहा है, तो यह प्रशासनिक विफलता है। और यदि प्रभारी की जानकारी व सहमति से यह सब हो रहा है, तो यह सीधा-सीधा भ्रष्टाचार और किसानों के साथ धोखा है।

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग**-पैलवाह के किसानों ने मांग की है कि केंद्र प्रभारी और शिवम की भूमिका की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच हो

**जांच तक केंद्र प्रभारी व सर्वेयर को तत्काल हटाया जाए**- किसानों का कहना है कि धान प्राथमिकता से खरीदा जाए, अगर समय रहते प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए, तो किसानों का आक्रोश किसी भी समय बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है। सरकारी धान खरीदी व्यवस्था का उद्देश्य किसानों को सुरक्षा देना था, लेकिन दियापीपर में यही व्यवस्था किसानों की खून-पसीने की कमाई लूटने का जरिया बनती जा रही है।



## बतख पार्टी ने करा दी जेल की सैर

**शहडोल, नवभारत ।** गिरते तापमान और सर्द हवाओं के बीच लोग ठंड से बचने के अलग-अलग जतन कर रहे हैं, लेकिन धनपुरी थाना क्षेत्र में ठंड भगाने का एक अनोखा तरीका एक युवक को भारी पड़ गया। ठंड से राहत पाने के चक्कर में पहले बतख की चोरी हुई और फिर उसी बतख की पार्टी, लेकिन अंत में पार्टी करने वाला शख्स जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गया।

मामला धनपुरी थाना क्षेत्र के गोफ चौराहे के पास का है. यहां रहने वाले बबलू बर्मन ने झिल्ली दफाई क्षेत्र के निवासी राजू कोल की खुले में विचरण कर रही बतख की चोरी कर ली. इसके बाद चोरी की गई बतख को बिलियस की नर्सरी स्थित पंप हाउस में ले जाकर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बाकायदा बतख पार्टी आयोजित की गई। जब इस चोरी और पार्टी की भनक बतख के मालिक राजू कोल को लगी तो उसने इसका विरोध किया और धनपुरी थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत से नाराज बबलू बर्मन राजू के घर पहुंच गया और शिकायत करने को लेकर उससे विवाद करने लगा. विवाद इतना बढ़ गया कि शांति भंग होने की स्थिति बन गई. घटना से परेशान होकर राजू कोल ने एक बार फिर धनपुरी थाने में शिकायत दर्ज कराई, शिकायत को गंभीरता से लेते हुए धनपुरी पुलिस ने शांति भंग होने की आशंका के चलते प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पुलिस ने बबलू बर्मन को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।